**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2573**

**मंगलवार, 16 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**उत्तर प्रदेश में औद्योगिक गलियारों की स्थिति**

**2573. श्री अनुराग शर्माः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली-मुम्बई औद्योगिक गलियारा (डीएमआईसी) और उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के अंतर्गत वर्तमान में कितनी औद्योगिक परियोजनाएं स्वीकृत है तथा उनके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारे के अंतर्गत विशेषकर बुंदेलखंड क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण, निवेशक जुटाना और अवसंरचना विकास का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार आगे बढ़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण मंजूरी, निवेशक प्रतिबद्धताओं या राज्य प्राधिकरणों के साथ समन्वय मे संबंधित मुद्दों सहित प्रमुख बाधाएं क्या हैं;

(घ) इन चुनौतियों के समाधान और परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं, जिनमें त्वरित अनुमोदन, प्रशासनिक सहायता प्रदान करना और निवेशकों तक पहुंच को बढ़ावा देना शामिल है; और

(ङ) क्या रक्षा गलियारे के बुंदेलखंड नोड्स में प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोई निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क):** राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर (डीएमआईसी) और उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर के तहत अनुमोदित औद्योगिक परियोजनाओं की संख्या और उनकी वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:-

i. **<u>दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर</u> (<u>डीएमआईसी) के तहत अनुमोदित परियोजनाएं</u>:**

| क्रम सं. | **नाम** | **वर्तमान स्थिति** |
|---|---|---|
| 1. | धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर), गुजरात | प्लग एन प्ले सुविधाओं के साथ भूमि का आबंटन/बिक्री |
| 2. | शेंद्रा बिदकिन औद्योगिक क्षेत्र (एसबीआईए), महाराष्ट्र | |
| 3. | एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप - ग्रेटर नोएडा (आईआईटी-जीएन), उत्तर प्रदेश | |
| 4. | एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप - विक्रम उद्योगपुरी (आईआईटी-वीयूएल), मध्य प्रदेश | |
| 5. | एकीकृत मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब - नांगल चौधरी, हरियाणा | मुख्य अवसरंचना का विकास |
| 6. | मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब और मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमएलएच और एमएमटीएच), उत्तर प्रदेश | रियायतग्राही के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई |
| 7. | जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्लस्टर, राजस्थान | ईपीसी संविदाकार के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई |
| 8. | दीघी पत्तन औद्योगिक क्षेत्र, महाराष्ट्र | ईपीसी संविदाकार के चयन की प्रक्रिया शुरू की गई |

ii. उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) के अंतर्गत छह नोड हैं, अर्थात अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट।

- कुल अधिग्रहित भूमि (हेक्टेयर में): 2040.1513
- आबंटन -62
- आबंटित भूमि: 977.54 हेक्टेयर
- संभावित रोजगार: 14256
- निवेश (उद्योगों द्वारा प्रस्तावित): 11997.45 करोड़ रुपए

**(ख) से (घ):** बुंदेलखंड क्षेत्र में दो नोड हैं, झांसी और चित्रकूट। नोड के लिए अपेक्षित भूमि पूर्ण रूप से प्राप्त हो गई है। 571.09 हेक्टेयर भूमि संभावित निवेशकों को आबंटित कर दी गई है। अवसंरचना विकास कार्यों के लिए 506.89 करोड़ रुपए की धनराशि अनुमोदित की गई है।

**(ङ):** बुंदेलखंड नोड्स की प्रगति की समीक्षा करने के लिए एक संरचनाबद्ध बहु-स्तरीय मॉनीटरिंग तंत्र स्थापित किया गया है। इसमें निम्नलिखित शामिल हैं-

- राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और यूपीडीआईसी अधिकारियों की अध्यक्षता में नियमित समीक्षा बैठकें करना।
- भूमि, अवसंरचना और निवेशकों के संबंध में हासिल महत्वपूर्ण उपलब्धियों के मामले में मासिक आधार पर हुई प्रगति की ट्रैकिंग और आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

*****